वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 5 मार्च 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

यूजीसी नेट परीक्षा के आयोजन में पारदर्शिता पर उठे प्रश्नों का हो समाधान: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रही यूजीसी नेट परीक्षा के आयोजन में कथित तौर पर रिमोट एक्सेस के आरोप,अव्यवस्था, पारदर्शिता पर उठ रहे प्रश्नों और तकनीकी दिक्कतों आदि के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करती है। यूजीसी नेट परीक्षा आयोजन के दौरान जिस प्रकार से कुछ तस्वीरें और परीक्षार्थियों के खराब अनुभव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों आदि पर साझा किए गए हैं,उसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संज्ञान में लेना होगा।

जेईई (मेंस) 2021 के आयोजन में हुई गड़बड़ियों पर सीबीआई के छापे और इस मामले में गिरफ्तार हुए आरोपी आदि से भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। रिमोट एक्सेस से सीबीटी मोड की परीक्षा को प्रभावित करने तथा अलग-अलग परीक्षाओं में बीते वर्षों में तुलनात्मक रूप से कट ऑफ बढ़ोतरी आदि से छात्र समुदाय के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को लेकर रोष व्याप्त है। ऐसे में एनटीए को मेहनती तथा मेधावी छात्रों के प्रति जवाबदेही तय करनी होगी।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "वर्तमान में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी लगभग सभी प्रमुख परीक्षाओं का आयोजन करवा रही है। युवाओं की मेहनत तथा मेधा का पारदर्शी मूल्यांकन एनटीए की नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा मंत्रालय को रिमोट एक्सेस आदि आरोपों की स्वतन्त्र जांच करानी चाहिए। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा को शत-प्रतिशत तकनीकी रूप से सुरक्षित होने का विश्वास छात्रों के मध्य सुनिश्चित करना होगा। अभाविप सरकारी तथा विश्वसनीय केंद्रों को ही एनटीए द्वारा परीक्षा केंद्र बनाने की मांग करती है। एनटीए सभी प्रकार की अव्यवस्थाओं को शीघ्र ठीक करे।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)